**15/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्र को संबोधित करते हुए, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बहादुर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन देश के सशस्त्र बलों की वीरता और सटीकता का एक शक्तिशाली प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति बनाने, लक्ष्य निर्धारित करने और समय तय करने की पूरी छूट दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा और भारत दुश्मनों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए एक शक्तिशाली हथियार प्रणाली बनाने हेतु मिशन सुदर्शन चक्र शुरू करेगा। उन्होंने देश के युवाओं के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की भी घोषणा की। इस योजना के तहत तीन करोड़ 50 लाख युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे।

0000000000000000000000

देश के बाकी हिस्सों की तरह, अरुणाचल प्रदेश में भी आज देशभक्ति के साथ उनासीवां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हूआ। राज्य-स्तरीय समारोह आईजी पार्क ईटानगर में आयोजित किया गया, जहाँ मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।

इस औपचारिक मार्च पास्ट में विभिन्न वर्दीधारी टुकड़ियाँ, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स और गाइड्स सहित स्कूली बच्चे शामिल थे। अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अरुणाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से ज़्यादा 105 प्रतिशत बढ़ गई है, जो दर्शाता है कि विकास लोगों तक पहुँच रहा है और राज्य भर में जीवन बेहतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2025-2035 को जलविद्युत दशक घोषित किया है। श्री खांडू ने कहा कि 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना मई 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 2880 मेगावाट की दिबांग मल्टिपर्पस परियोजना 2032 तक पूरी होने की राह पर है। उन्होंने घोषणा की है कि अगले तीन वर्षों में ही सरकार 2 लाख करोड़ रुपये की नई जलविद्युत परियोजनाएँ शुरू करेगी, जिससे राज्य में 19 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता जुड़ेगी।

**Byte CM Khandu**

इस अवसर पर, राज्य के मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने राज्य पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की। समारोह में विभिन्न कलाकारों द्वारा शानदार और जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी प्रस्तुत की गईं।

0000000000000000000000

उनासीवाँ स्वतंत्रता दिवस आज राजभवन, ईटानगर में गर्व और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल को राजभवन से संबद्ध भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 33वीं बटालियन की इको कंपनी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

अपने संबोधन में, राज्यपाल ने राज्य वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए राष्ट्र के संस्थापकों के मार्गदर्शक मूल्यों के साथ-साथ मातमुर जामोह, मोजे रीबा, मोजी रीबा और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कई अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भी श्रद्धापूर्वक याद किया।

0000000000000000000000

उनासीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य के दो अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। अरुणाचल प्रदेश पुलिस के IGP, ताखे रिंगू को विशिष्ट सेवा एवं इंस्पेक्टर, खिकसी यांगफो को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि ये सम्मान केवल उनकी सेवा के वर्षों के लिए नहीं बल्कि उन अनगिनत पलों के के लिए हैं, जो अक्सर अनदेखे रह जाते हैं, जब उन्होंने सहजता की बजाय ईमानदारी, आराम की बजाय साहस और स्वयं की बजाय सेवा को चुना है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज चोंगखाम स्थित **द प्रोडिगल डॉटर्स सिस्टरहुड रिहैबिलिटेशन सेंटर** के लिए हथकरघा इकाई का शुभारंभ किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मेन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह पहल महिलाओं को सम्मान और उद्देश्य के साथ

अपना भविश्य फिर से बनाने में मदद करते आत्मनिर्भरता के नए अवसर पैदा करेगी। उन्होंने इस परियोजना के वित्तपोषण के लिए चोंगखाम की क्षेत्रीय ZPM चाउ जेनिया नामचूम की सराहना की।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने आज अरुणाचल प्रदेश के सुदूर सीमावर्ती गाँवों और स्कूलों में नागरिक-सैन्य संबंधों और राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करते हुए उनासीवाँ स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने हेतु ज्वाइन इंडियन आर्मी अभियान, वृक्षारोपण अभियान, चिकित्सा शिविर और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। वेस्ट सियांग ज़िले में, भारतीय सेना ने इस अवसर पर एक साइकिल रैली का आयोजन भी किया। इस रैली में सैनिकों और स्थानीय नागरिकों, दोनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्रीय तिरंगा लहराया।

0000000000000000000000

राज्य में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग ने लोकसभा सांसद तापिर गाओ के साथ कल विधायकों और नागरिक समाज के सदस्यों के साथ एक परामर्श बैठक में भाग लिया, जिसका उद्देश्य पासीघाट के बाकिन पर्तिन जनरल अस्पताल में प्रस्तावित नए

मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए उनके सुझाव प्राप्त करना था। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग एक हज़ार चौसठ करोड़ रुपये है।

0000000000000000000000